● bordernewsmirror@gmail.com
● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
● द्विभाषिक समाचार पत्र

02 जंगल राज खत्म कर बिहार में किया न्याय के साथ विकास: नीतीश

03 चाचा ने नाबालिग भतीजी से किया रेप पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं





● पटना, शनिवार, 13 अप्रैल 2024 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 05, अंक: 42



LAKSHYA RAJ KIDZEE
Mission Chowk, Pataura (Infornt of Durga Mandir) Motihari Mob.- 9128562441


## बीआरएस नेता कविता 15 अप्रैल तक रहेंगी सीबीआई हिरासत में



नयी दिल्ली। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी घोटाले के मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान पार्षद के. कविता को 15 अप्रैल तक केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में शुक्रवार को भेज दिया। राजधानी के राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने सीबीआई की ओर से पांच दिनों की हिरासत के अनुरोध पर विचार के बाद यह आदेश पारित किया। सीबीआई ने अदालत के समक्ष हिरासत की गुहार लगाते हुए आरोप लगाया कि सुश्री कविता का आबकारी नीति कथित घोटाले में बड़ी भूमिका रही है। जांच आगे बढ़ाने के लिए आरोपी की पांच दिनों की हिरासत जरूरी है। अदालत ने सीबीआई गुहार पर विचार कर तीन दिनों की हिरासत की अवधि मंजूर की। सीबीआई ने विशेष अदालत की अनुमति के बाद सुश्री कविता से जेल में पूछताछ के बाद गुरुवार को गिरफ्तार किया था। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की पुत्री के. कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 मार्च को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने 17 अगस्त 2022 को आबकारी नीति-2021-22 बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोधन का मुकदमा दर्ज किया था।

## देश का संविधान किसी भी हालत में नहीं किया जा सकता खत्म : मोदी


**प्रधानमंत्री ने कहा कि वह कांग्रेस से पूछना चाहते है कि उसके साथी इंडिया गठबंधन के लोग किस इशारे पर काम कर रहे है और यह कैसा गठबंधन हैं जो भारत को शक्तिहीन करना चहता है।**



बाड़मेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के संविधान को गीता, रामायण, कुरान, बाइबल एवं देश का सब कुछ बताते हुए कहा हैं कि देश का संविधान किसी भी हालत में खत्म नहीं किया जा सकता है लेकिन कांग्रेस मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठी आड़ ले रही हैं। श्री मोदी शुक्रवार को बाड़मेर में लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के बयान "इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 400 पार का नारा संविधान बदलने का प्रयास" पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारा संविधान गीता, रामायण, कुरान एवं बाइबल तथा देश का सब कुछ हैं और इसके निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर खुद आ जाये तो भी संविधान खत्म नहीं कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया, आज वह मोदी को गाली देने के लिए संविधान के नाम पर झूठी आड़ ले रही हैं। उन्होंने कहा कि यह मोदी ही है जिसने देश में संविधान दिवस मनाना शुरु किया जबकि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था जो यह बाबा साहब का अपमान हैं। उन्होंने बाबा साहब का अपमान करने वालों से सावधान रहने की जरुरत बताते हुए कहा कि कांग्रेस सुन ले कि इस बार 400 पार की बात जनता ने इसलिए की हैं कि इससे कांग्रेस को सजा मिल सके। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन वाले इतनी नफरत से भरे हुए है कि इनके घोषणा पत्र में भी यह नजर आने लगा है और इसमें बंटवारे एवं मुस्लिम लीग की छाप नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन के लोग कहते हैं कि उनकी सरकार आने पर वे भारत के परमाणु हथियार नष्ट कर देंगे। भारत के पडौसी देशों के पास परमाणु हथियार हो और ऐसी स्थिति में हमारे देश के परमाणु हथियार समाप्त करना किस सोच को दर्शाता हैं। यह गठबंधन परमाणु समाप्त करना चाहता है। उन्होंने जनता से पूछा क्या देश में परमाणु हथियार समाप्त कर देने चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी देश को शक्तिशाली बनाना चाहता हैं जबकि ये लोग इसे कमजोर करने का ऐलान कर रहे हैं। ऐसे सोचने वालो को सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने ऐसे गठबंधन से सतर्क रहने की जरुरत बताते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजस्थान में कहते हैं कि कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया गया हैं तो राजस्थान से इसका क्या वास्ता हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के वीरों ने सीमा पर कश्मीर के लिए सीने पर गोलिया खाई है और पूछते हो कि राजस्थान का इससे क्या वास्ता हैं।

भाजपा | अन्य सरकारों में कानून व्यवस्था लचर थी जबकि योगी के शासनकाल में माफिया और गुंडे पलायन कर रहे हैं : शाह

## तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये तैयार यूपी: शाह




मुरादाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि पिछले दो लोकसभा चुनावों में श्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में उत्तर प्रदेश की विशेष योगदान रहा है और इस बार भी राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण यह राज्य श्री मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये पूरी तरह कमर कस चुका है। मुरादाबाद के बुद्धि विहार मैदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी सर्वेश सिंह तथा संभल के परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुये श्री शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें भाजपा की झोली में जाएंगी। श्री शाह ने कहा कि पहले की सरकारों में कानून व्यवस्था लचर थी जबकि योगी के शासनकाल में माफिया और गुंडे पलायन कर रहे हैं। वह यहां पश्चिम उत्तर प्रदेश में 2013 में आये थे,उस समय यहां भय, दंगे,गौ तस्करी और गुंडों का राज, पलायन चलता था। 2014 से पहले यहां गौ तस्करी होती थी, हिंदू पलायन करने के लिए मज़बूर हो रहे थे। उन्होने कहा " आपने समाजवादी पार्टी को हटाया तो अमन-चैन कायम हो गया। श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने उत्तर प्रदेश में चार एयरपोर्ट,छह एक्सप्रेस वे बन चुके हैं, बाकी छह निर्माणाधीन हैं। सिक्स लेन तैयार हो रही हैं। यहां अब वन डिसर्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट का काम शुरू हुआ और विकास आगे बढ़ा। सरकार 80 लाख ग्रामीणों तक बिजली पहुंचाने का काम कर रही है। मोदी सरकार ने तीन करोड़ से अधिक ग़रीबों का पांच लाख तक का इलाज मुफ़्त करने का काम किया है। इसके अलावा दो करोड़ शौचालय 10 साल में बने।जिसका लाभ लगभग 14 करोड़ लाभार्थियों को मिल रहा है। चार करोड़ से ज़्यादा जरुरतमंदों को गैस सिलेंडर दिया है।" उन्होने कहा " मोदी सरकार ने एक लाख गरीब बहनों को लखपति बनाया है। कभी राहुल बाबा हमारा मज़ाक उड़ाते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे पर तिथि नहीं बताएंगे। 2019 में एक बार फिर आपने मोदी सरकार बनवाई। पांच साल में कोर्ट का फैसला आने पर भूमि पूजन भी हुआ और 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा भी हो गई। राम मंदिर विरोध के बावजूद विपक्षी दलों को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र भेजा गया लेकिन वो इसमें सम्मिलित नहीं हुए। क्योंकि उन्हें वोट-बैंक खिसकने का ड़र सता रहा था।"श्री शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में सिर्फ़ राम मंदिर ही नहीं बाबा विश्वनाथ का दरबार भी सजाया गया। बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम में विशेष रूप से निर्माण कार्य कराए गए। सोमनाथ मंदिर भी बनाने का काम किया जा रहा है। इस तरह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत बचाने का काम किए गए वहीं विकास कार्य भी तेज़ी से हो रहे हैं। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था को 11 वें नंबर पर पहुंचा दिया है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मोदी जी भारत की अर्थव्यवस्था को तीसरे नंबर पर पहुंचा देंगे। श्री शाह ने कहा " 70 साल तक कांग्रेस धारा 370 को बच्चे की तरह गोद में खिलाती रही, आपने नरेन्द्र मोदी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया जिसके परिणामस्वरूप 05 अगस्त 2019 को कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दी गई।" गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के खड़गे जी कहते हैं कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश वालों को कश्मीर से क्या लेना-देना। मैं उनको बता देना चाहता हूं कि मुरादाबाद का बच्चा बच्चा कश्मीर के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने 10 साल के अंतराल में आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त किया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन काल में पाकिस्तान से हर रोज़ आलिया, मालिया और जमालिया आते थे और बम धमाके करके चले जाते थे। इसी मुगालते में पुलवामा में धमाका किया गया था लेकिन वह भूल गए थे कि यहां अब कांग्रेस-नीत मनमोहन सिंह सरकार नहीं है। इसके बाद मोदी सरकार ने मुंह तोड़ जवाब देते हुए सर्जिकल स्ट्राइक की थी।

STONE CLINIC MOTIHARI
स्टोन क्लिनिक मोतिहारी
शास्त्री नगर, महिला कॉलेज रोड, मोतिहारी, बैंक रोड, राजेश्वरी पैलेस होटल के पूरब वाली गली में

# जंगल राज खत्म कर बिहार में किया न्याय के साथ विकास: नीतीश

नवादा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि हमने बिहार में जंगल राज को खत्म कर न्याय के साथ विकास किया है,जिसका कारण आज बिहारवासी चैन से खुलेआम सड़को पर घूम कर अपना कारोबार कर रहे हैं। नहीं तो शाम होते ही घरों से भी निकलना मुश्किल था ।वे शुक्रवार को नवादा जिले के वारसलीगंज में लोकसभा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के चुनावी सभा में बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि हाल ही में चार लाख शिक्षकों को बहाल कर एक बड़ा काम किया है ।हमारी सरकार कम से कम 10 लाख लोगों को नौकरी



तथा रोजगार देने की व्यवस्था की है ।इसलिए आप सबों से आग्रह है कि आप एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर को जिताकर नरेंद्र मोदी को 400 सांसदों से भी ज्यादा बहुमत दिलाकर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनवाएं। उन्होंने कहा कि हम लोग 2005 में सरकार में आए थे और 2006 से सारा काम शुरू हुआ। खाली याद रखिएगा, जो कम उम्र के लोग हैं, वो भूल गए हैं। अपने बाल-बच्चों को भी बताइए। 2005 से पहले बिहार में क्या हाल था। सीएम नीतीश ने लालू-राबड़ी राज के दिनों को याद दिलाया और उसे नहीं भूलने की सलाह दी। सीएम ने कहा कि आप शाम को घर से बाहर नहीं निकलते थे। उसको तो याद नहीं है। अब सब लोग शाम को चहल रहे हैं। आने-जाने का कोई रास्ता नहीं था। हम लोग 18 वें साल में है। इससे पहले उन्हें मिला था 15 साल, पति-पत्नी राज किए, कोई काम हुआ था, कुछ नहीं हुआ था। पहले की स्थिति पूरे तौर पर लोगों को मालूम होना चाहिए था। कितना विवाद और झगड़ा होता था। हिंदू-मुस्लिम में भी खूब झगड़ा। 2006 के बाद कोई झगड़ा होता नही है। जब हम लोग आए तो सबको एकजुट किया। काम करने वालों को वोट दीजिए। 2010 के चुनाव में 50 फीसदों मुस्लिमों ने एनडीए को वोट दिया था। पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ एक महीने में 30-40 लोग आते थे। अब साल में एक हजार से ज्यादा लोग इलाज के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य तथा शिक्षा को बेहतर बनाया। विधि व्यवस्था को बेहतर बनाकर गुंडो को सलाखों के पीछे डाला। सीएम नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार के द्वारा बहुत सहयोग मिलता है, तमाम कार्यक्रम चला रहे हैं। जिस कारण भारत का विदेश में भी डंका बज रहा है साथ ही देश का अपरिमित विकास हुआ है ।उन्होंने कहा है कि देश के विकास के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जरूरी है। उन्होंने अपने कुछ स्वजातीय नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह लोग समाज को बर्बाद करने वाले लोग हैं ।

## पीएम मोदी 16 अप्रैल को बिहार के पूर्णिया में करेंगे चुनावी सभा




पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 अप्रैल को बिहार आ रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दरभंगा विधानसभा सीट से विधायक संजय सरावगी ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की चुनावी रैली पूर्णिया में अभूतपूर्व होगी और इस रैली में दो लाख से ज्यादा लोग मौजूद होंगे। राजग उम्मीदवार संतोष कुशवाहा ने मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री 2014 में पूर्णिया आए थे और एक बार फिर प्रधानमंत्री 16 अप्रैल को पूर्णिया आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजग लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा पार करेगा जबकि पूर्णिया लोकसभा सीट से राजग उम्मीदवार 4 लाख पार करेगा। इस लोकसभा चुनाव में पूर्णिया लोकसभा संसदीय सीट बिहार का सबसे ज्यादा हॉट सीट बन चुकी है। यहां से एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा है। राजद ने यहां से जदयू छोड़कर राजद में शामिल हुई रुपौली के पूर्व विधायक बीमा देवी को मैदान में उतारा है। यहां इन दोनों की टक्कर कुछ दिन पूर्व ही कांग्रेस में शामिल हुए निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव से होगी।

## तेजस्वी यादव चुनावी भाषणों में अपने माता-पिता के 15 सालों की चर्चा करने से क्यों परहेज करते हैं : उमेश कुशवाहा

> मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व के कारण आज बिहार की कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होने से देश-दुनिया के निवेशक बिहार आ रहें हैं और नए-नए उद्योग लग रहे हैं। राजद के समय में बीमारू राज्य वाला बिहार आज देश में सबसे अधिक विकास दर से आगे बढ़ने वाला राज्य बना है।

पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि चुनाव के दौरान कोई भी राजनीतिक दल अपनी उपलब्धियों को जनता के बीच प्रमुखता से रखता है और अपने किए गए कामों के आधार पर जनता से वोट मांगता है लेकिन राजद शायद देश-दुनिया की एकलौती ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो चुनाव में अपने 15 सालों के कार्यकाल



की चर्चा करना मुनासिब नहीं समझती है। उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को बयान जारी कर तेजस्वी यादव से पूछा कि आखिर क्या वजह है कि तेजस्वी प्रसाद यादव चुनावी भाषणों में अपने माता-पिता के शासनकाल की चर्चा करने से परहेज करते हैं। तेजस्वी यादव लगातार विभिन्न क्षेत्रों में जनसभा को संबोधित कर रहें हैं लेकिन उनके मुख से राजद के 15 सालों की उपलब्धियों को जानने के लिए आम जनता के कान तरस गए हैं। यह एक प्रकार से राजद की आत्म-स्वीकृति है कि लालू-राबड़ी का शासनकाल पूरे तौर पर असफल रहा है। कुशवाहा ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजद के जंगलराज में सरकार संरक्षित अपराधियों द्वारा रंगदारी और लूट की घटनाओं के कारण बिहार में कई कल-कारखाने बंद हुए। नतीजतन प्रदेश के लोगों को जीवनयापन के लिए पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा। तेजस्वी यादव रोजगार पर लच्छेदार भाषण देते हैं लेकिन बिहार की जनता को यह नहीं बताते हैं कि कल-कारखानों को बंद करवाकर युवाओं का रोजगार छीनने में सबसे बड़ी भूमिका उनके माता-पिता की रही है।

**चुनाव** | हिसुआ विधानसभा क्षेत्र से लाखों मतों से बढ़त बनाकर चुनाव जीतेंग : अनिल सिंह

# बहुमत से मोदी तीसरी बार बनेंगे पीएम:अनिल सिंह

### भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर की जीत को ले पूर्व विधायक ने झोंकी ताकत

नवादा। तीन बार हिसुआ विधानसभा से विधायक रहे पूर्व विधायक अनिल सिंह ने कहा है कि 400 से भी अधिक सांसदों की बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे,जिसके लिए नवादा संसदीय क्षेत्र से विवेक ठाकुर को भारी बहुमत से जीताना जरूरी है। वे शुक्रवार को विवेक ठाकुर के साथ हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके कुछ विरोधियों ने निर्दलीय उम्मीदवार के पक्ष में मदद अपने समर्थकों से कराने की झूठी अफवाहें फैला रखी । ताकि उन्हें राजनीतिक लाभ मिल सके



।जिसमें विरोधियों की हताशा दिख रही है।उन्होंने कहा कि तीन बार लगातार भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर हिसुआ विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहा हूं ,जीवन में जो भी कुछ दिया भारतीय जनता पार्टी ने ही दिया है। उन्होंने कहा कि हर कीमत पर भारी बहुमत से विवेक ठाकुर की जीत होगी। एक दर्जन गांव के दौरे पर साथ रहे समर्थकों नव भी पूर्व विधायक अनिल सिंह के नेतृत्व में विवेक ठाकुर को भारी बहुमत से जीतने का संकल्प लिया है। भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर ने भी कहा है कि पूर्व विधायक अनिल सिंह मुझे जिताने एड़ी चोटी का पसीना एक कर रहे हैं। इसके काफी बेहतर परिणाम सामने देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हिसुआ विधानसभा क्षेत्र से लाखों मतों से बढ़त बनाकर चुनाव जीतेंगे। पूर्व विधायक अनिल सिंह के नेतृत्व में हिसुआ के सभी गांव में कमेटियों का गठन कर दिया गया है। ताकि शत - प्रतिशत वोट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विवेक ठाकुर को दिलाया जा सके।

## पटना में निर्माणाधीन आईटी बिल्डिंग में काम कर रहे दो मजदूरों की मौत



पटना। राजधानी पटना के अटल पथ में निर्माण कार्य में लगे दो मजदूरों की शुक्रवार को मौत हो गयी। कार्य करने के दौरान मजदूर दब गए है। दोनों को आनन फानन में निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है, जहां चिकित्सकों ने दोनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया है। अटल पथ के निर्माणाधीन आईटी बिल्डिंग काम चल रहा है। निर्माण कार्य के लिए ट्रक से ग्रेनाइट पत्थर आया था जिसको उतारने के दौरान दोनों मजदूर दब गये।घटना की सूचना पर पाटलिपुत्र थाना की पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।घटना में मृतक मजदूरों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

# लड़की को बहला फुसलाकर ले जा रहा व्यक्ति गिरफ्तार



रक्सौल। मानव तस्कर रोधी इकाई (क्षेत्रक मुख्यालय) बेतिया कार्यालय 47वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रक्सौल ने "मिशन निर्भया" के अंतर्गत मानव तस्करी के रोकथाम करने में लगातार सफलता हासिल कर रही है इसी क्रम में इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा ने गुप्त सूचना के आधार पर एस.एस.बी सहायता केंद्र मैत्री ब्रिज से एक व्यक्ति कुछ नाबालिग लड़कीयों को भारत में ले जाने की तैयारी में है। इसलिए मैत्री पुल पर एसएसबी चौकन हो गई। लगभग 03 घंटे बाद हवलदार अरविंद द्विवेदी ने संदेह के आधार पर एक व्यक्ति जो एक नेपाली लड़की को साथ ले जाते देख रोक कर पूछताछ की गई तो व्यक्ति ने बताया कि जो लड़की हमारे साथ है वह मेरी पत्नी है, लड़की की मांग में हिंदू रीतिरिवाज से सिंदूर देख कर एक बार तो लगा व्यक्ति सही बोल रहा है। जब लड़की से काउंसलिंग की गई तो दोनों के बयान में काफी भिन्नता पाई गई। सम्भावित मानव तस्करी मामले को संज्ञान में लेते हुए और भाषा की समस्या को लेकर माइती नेपाल एन.जी.ओ को बुला कर नेपाली लड़की की काउंसलिंग की गई तो लड़की ने बताया कि फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से व्यक्ति ने लड़की से दोस्ती करने की बहुत बार कोशिश की, बहुत दिन तक तो अनदेखा करती रही पर एक दिन उसकी बात मान ली और उसकी दोस्ती में पड़ गयी। मामले की सच्चाई जानने के लिए जब दोनों से अलग अलग गहनता से पूछताछ की गई तो निम्नलिखित बातों का पता चला, अभियुक्त मोहम्मद मंजूर आलम खान की दूसरी शादी सुनैना नाम की लड़की से तय हो रखी है जबकि पहली पत्नी निशा से उसने तलाक़ की बात कही और जब कुछ कागज या सबूत दिखाने को कहा गया तो वो स्पष्ट उत्तर नहीं दे पाया। पीड़ति लड़की ने बताया कि मोहम्मद मंजूर आलम खान ने मुझसे शादी करने का वादा किया है नेपाली लड़की को अभियुक्त की पहली पत्नी के तलाक होने और दूसरी शादी तय होने के बारे में कोई भी जानकारी नहीं है जब लड़की के परिवार वालों से फोन द्वारा सम्पर्क किया गया तो उन्हें इस बारे में कोई भी जानकारी नहीं थी। लड़की के माता-पिता ने आग्रह किया कि हमारी बेटी को भारत नहीं जाने दिया जाय। इस प्रकार मानव तस्कर रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया कार्यालय 47वी वाहिनी रक्सौल ने एक बार फिर से एक नाबालिग लड़की के जीवन को बचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है मौके पर इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा मुख्य आरक्षी सामान्य अरविंद द्विवेदी आरक्षी पम्मी मिश्रा, आरक्षी सबीना खातून, आरक्षी स्वप्ना एस, आरक्षी स्वाति ठाकुर, माइती नेपाल बीरगंज नेपाल से अनिशा गौतम सीता क्षेत्रि आदि मौजूद रहे।

# चाचा ने नाबालिग भतीजी से किया रेप पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**बेतिया में चाचा ने कथित रूप से 10 वर्षीय भतीजी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है. पीड़िता के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है. मामले की जांच की जा रही है.**



बेतिया। बिहार के बेतिया से रिश्ते को शर्मसार करने वाली एक खबर सामने आई है. एक चाचा ने कथित रूप से अपनी 10 वर्षी भतीजी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है. बच्ची के पिता के शिकायत पर महिला थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई. आरोपी चाचा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. रिश्ते को शर्मसार करने वाली यह घटना कुमारबाग थाना क्षेत्र की है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. क्या है घटनाः घटना कुमारबाग थाना क्षेत्र के एक गांव की है. जहां चाचा ने अपनी 10 वर्षीय भतीजी के साथ दुष्कर्म किया है. बताया जा रहा है कि बच्ची के पिता ने डायल 112 पुलिस को कॉल कर इसकी सूचना दी. इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची और उसके पिता को लेकर महिला थाना पहुंची. बच्ची के पिता की शिकायत पर महिला थाने में प्राथमिक दर्ज की गई. पुलिस कर रही जांचः प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कुमारबाग पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चाचा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया. नाबालिग बच्ची की पुलिस अभिक्षा में मेडिकल जांच करायी गयी. इस दौरान मुजफ्फरपुर से फॉरेंसिक टीम बुलाई गई थी, जो जांच कर लौट गई. पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिंक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं.

### सदर एसडीपीओ, विवेक दीप ने बताया कि

₹मुजफ्फरपुर से फॉरेंसिक की टीम जांच करने पहुंची है. जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है की नहीं. रिपोर्ट आने के बाद पुलिस इसका खुलासा करेगी.।

# वीटीआर वन क्षेत्रों के कई एकड़ में लगी आग



बगहा(प.च)।बगहा के वन क्षेत्रों में इन दिनों आग लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। रूखे मौसम और तेज हवाओं ने आगली की घटना के संख्या को दिनों दिन बढ़ोतरी कर रही है। हालांकि इसके रोकथाम के लिए वन विभाग वीटीआर के वन क्षेत्रों को कई हिस्सों में विभाजित कर फायर वाचरों को लगाया गया है। लेकिन वन क्षेत्रो के क्षेत्रफल को देखते हुए यह संख्या ना काफी साबित हो रही है। बतादें कई ऐसे आगलगी वन क्षेत्र दिखे जहां फायर वाचर नहीं पहुंच पाए और जंगल धु धु कर जलता रहा। ऐसे ही वाक्या जटाशंकर चेकनाका और जलसंसाधन विभाग के ई टाइप कॉलोनी के बीच और माता नरदेवी स्थान के समीप लगी आग पर काबू पाने के लिए एक भी फायर वाचर उपलब्ध नहीं हुआ। माता नरदेवी मंदिर के समीप लगी आग को कुछ युवकों ने स्वयं मेहनत कर के एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में सफलता पाई। जरूरत है वन विभाग को वन क्षेत्रफल को देखते हुए फायर वाचरों की संख्या बढ़ोतरी करे।

# रामनवमी को लेकर विहिप ने गठित किया 11 सदस्यीय समिति



मोतिहारी। जिले के सभी 27 प्रखंडो मे श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए विहिप के बिहार झारखंड के विधि प्रकोष्ठ के प्रमुख अधिवक्ता अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि श्रीराम महोत्सव के आयोजन को लेकर शुक्रवार को हनुमान गढी मंदिर परिसर में विहिप के जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता मे तैयारी समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला मंत्री मुन्ना तिवारी के नेतृत्व में ग्यारह सदस्यीय संचालन समिति बनाया गया।जो जिले के सभी प्रखंडो में आयोजित कार्यक्रम मे सहयोग करेगे। उन्होने बताया कि इस बार अयोध्या मे प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा होने से हिन्दू समाज में काफी उत्साह है,जिससे आशा है,कि इस बार कार्यक्रम भव्य होगा। रामनवमी के दिन जिले भर में शोभा यात्रा के साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित होगे। उन्होने बताया संचालन समिति मे बजरंगदल के विभाग संयोजक जितेन्द्र कुशवाहा जिला संयोजक हेमंत कुमार नगर संयोजक राहुल सिंह,सचिन कुमार,अंशु श्रीवासतव,रक्सौल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह प्रचार प्रसार प्रमुख आनन्द प्रकाश जिला सह संयोजक उद्धेश्य गुप्ता आनन्द सिंह ढाका से सत्येन्द्र सिंह कार्याध्यक्ष हरिश्चंद्र उपाध्याय को शामिल किया गया है।विभिन्न प्रखंडो के साथ जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर में 17 अप्रैल को 2 बजे गाजे बाजे के साथ गायत्री मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी, जिसमे हजारो की संख्या मे महिलाएं न पुरूष शामिल होगे। पूरे शहर को भगवा धवज से सजाया जाएगा। सभी मंदिरो मे भजन-कीर्तन और भंडारा का आयोजन होगा। वंही ढाका व रक्सौल मे 9 बजे से शोभा यात्रा निकलेगा और अरेराज पहाड़पुर मधुबन तुरकौलिया व पीपरा सहित सभी प्रखंडो मे शोभा यात्रा निर्धारिय समयानुसार निकलेगी। बैठक में रत्नेश राज गणेश सचिन नीतीश मधुरेन्द्र सिंह आशुतोष कुमार अंकित श्रीवास्तव अंकुर श्रीवास्तव धर्मेन्द्र ठाकूर संजीव कुमार डा दिलीप कुमार सिंह शेखर पांडेय राजन तिवारी सुबोध कुमार मनीष कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

STONE CLINIC MOTIHARI
स्टोन क्लिनिक मोतिहारी
शास्त्री नगर, महिला कॉलेज रोड, मोतिहारी
डॉ. मीना
MBBS,DGO, DNB, (OBG), FMAS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

# बंद पड़ा है चापाकल, कार्यालय आने वाले लोगों को हो रही परेशानी



बीएनएम@केसरिया। प्रखण्ड परिसर के आरटीपीएस काउंटर के पास स्थित चापाकल व नल विगत कई माह से खराब है। जिसके कारण प्रखण्ड कार्यालय आने वाले लोगों को इस भीषण गर्मी में पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। जानकारी है कि विभिन्न कार्य से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग प्रखण्ड कार्यालय आते हैं। जहाँ लोगों को कार्यवश थोड़ी देर रुकना पड़ता है। इस दौरान यदि लोगों को पानी की आवश्यकता महसूस होती है तो उन्हें बाजार या अन्य जगहों का रुख करना पड़ता है। जिससे काफी परेशानी होती है। इस परिसर में बने शौचालय के नल में भी पानी भगवान भरोसे हीं आता है। वहीं इसके समीप लगा एक अन्य चापाकल बंद स्थिति में झाड़ी से पूरी तरह घिर गया है। लेकिन इस पर संबंधित किसी अधिकारी या कर्मी की नजर नहीं है। बता दें कि अप्रैल से जून तक भीषण गर्मी रहती है। इस अवधि में लू का भी खतरा रहता है। सामाजिक व प्राशासनिक स्तर पर जगह-जगह प्याऊ या शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाती है। लेकिन प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित चापाकल व नल की ऐसी स्थिति कुछ और बयान कर रही है।

# हाथियों से सुरक्षा के लिए 30 गजमित्रों को दी गई सदस्यता



बगहा। बगहा के अति संवेदनशील वन क्षेत्र दोन इलाके के किसानों के फसलों की जंगली हाथियों से सुरक्षा के लिए और जंगली हाथियों पर बराबर नज़र रखने के लिए न्यूज संस्था के द्वारा गजमित्रों का लगातार गठन किया जा रहा है। ये प्रशिक्षण प्राप्त गजमित्र जंगली हाथियों के प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किए गए है। अब ये पूरे साजो सामानों के साथ जंगली हाथियों की सुरक्षा के साथ साथ किसानों के फसलों को भी बचाएंगे। साथ ही अपने आसपास के लोगों को जंगली हाथियों को सुरक्षित रखते हुए खुद व फसलों को कैसे बचाए इसके लिए भी जागरूक करेंगे। न्यूज़ संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक ने बताया कि हरनाताड़ के तीन वन क्षेत्र नौरंगिया, गर्दी और कमर्च्छिनवा दोन इलाके में अबतक 30 गजमित्रों को सदस्यता देकर कार्यस्थलों पर तैनात कर दिया गया है। अब ये जंगली हाथियों से फसलों को बचाते हुए किसानों को जागरूक करेंगे।

# सीएचसी केसरिया में दो रुपये में मिलेगा एक सैनेटरी नैपकिन



बीएनएम@केसरिया। महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केसरिया में दो रुपया में एक सैनेटरी नैपकिन मिलेगा। यह नैपकिन महिलाओं के मासिक धर्म ( पीरियड ) के दौरान गिरने वाले ब्लड को सोखता है। जिससे संक्रमण की कम संभावना होती है। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मैन्युअल सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन स्थापित की गई है। जहाँ उक्त मशीन में दो रुपया या अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले दो रुपये के टोकन डालने पर पॉकेट में एक सैनेटरी नैपकिन मिलेगा। इस मशीन में एक बार में करीब पाँच दर्जन नैपकिन रखा जाएगा। बिक्री के बाद पुनः इसमें इस नैपकिन को भंडारित किया जाएगा। इलाज कराने को लेकर अस्पताल आने वाली महिलाओं के अलावा अन्य महिलाएं भी इसे खरीद सकती हैं। इससे होने वाले आय को रोगी कल्याण समिति में जमा किया जाएगा। इससे सबसे अधिक वे महिलाएं लाभान्वित होंगी जो आर्थिक मजबूरी के कारण बाजार में ऊंची कीमत पर मिलने वाले नैपकिन नहीं खरीद सकती। अस्पताल सूत्रों की मानें तो इस मशीन को करीब एक माह पूर्व लगाया गया है।

# नहर विभाग के सूचना के आधार पर पुलिस ने की बड़ी कार्यवाई

## नहर से अवैध खनन करते ट्रैक्टर समेत लोडर मशीन जप्त

बगहा(प.च) ।बगहा के वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर और रमपुरवा सड़क मार्ग स्थित चम्पा माई स्थान के समीप नहर से अवैध खनन करते समय पुलिस ने कार्यवाई करते हुए ट्रैक्टर समेत लोडर मशीन को जप्त कर लिया है। बतादें की नहर विभाग ने इस हो रहे अवैध मिट्टी खनन की सूचना वाल्मीकिनगर थाने को दी थी । दिवा गश्ती पर निकली एसआई सिंपी कुमारी के नेतृत्व में नहर से मिट्टी कटाई करते ट्रैक्टर और लोडर मशीन को कब्जे में ले लिया जिसे थाने ले आया गया है।



# गृह रक्षा वाहिनी अभिरक्षा से फरार कांड संख्या 17/24 का अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ा



बगहा(प.च)। वनकर्मी पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाला और गृहरक्षा वाहिनी अभिरक्षा से फरार अभियुक्त नाथू राम गुरुवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। नाथू राम के ऊपर कांड संख्या 17/24 के धारा 342,341,323,324,307 दर्ज है। बतादें की वनप्रमण्डल 2 के कोतरहां वनकर्मियों की गश्ती टीम 25 जनवरी को सपने नियमित गश्त पर थी तभी गश्ती दल को सूचना मिली की कक्ष संख्या एम 27 में कुछ अपराधी पेड़ो का पातन कर रहे हैं।गश्ती टीम उक्त स्थल पर पहुंचकर घेराबंदी शुरू की तभी भनक लगते लक्ष्मीपुर निवासी नाथू राम गश्ती दल के सदस्य वनकर्मी सूरज कुशवाहा पर कुल्हाड़ी से हमला कर सिर पर वार कर दिया।लेकिन दूसरे वनकर्मियों ने अभियुक्त नाथू राम को दबोचकर वन विभाग के गृहरक्षा वाहिनी के हवाले कर दिया । लेकिन अभियु नाथू राम गृहरक्षा वाहिनी के कैदखाने के रोशनदान से निकलकर फरार हो गया । इस फरार मुजरिम की तलाश पुलिस पूरे शिद्दत से कर रही थी। एसआई महेश प्रसाद ने बताया कि संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली । जानकारी मिलते ही बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित नवका टोला के समीप नाथू राम को दबोच लिया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# तेज हवा के बीच लगी भीषण आग में गाय समेत पांच घर जलकर राख



मोतिहारी। जिले के रक्सौल प्रखंड क्षेत्र के सिरसिया गांव में गुरुवार की रात्रि लगी भयंकर आग से पांच घर जलकर राख हो गए। बताया गया तेज हवा के बीच लगी आग ने एक के बाद एक घर को अपने चपेट में ले लिया। अगलगी की घटना में गुगली महतो, जयलाल महतो,इनरमन महतो, रामनाथ साह के घर पूरी तरह जलकर राख हो गये।आग से घर में बंधी हुई एक गाय और पांच बकरिया भी पूरी तरह झुलस कर मर गए।आग लगने का कारण चुल्हे में सुगलती आग बताया जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा आग पर काबू पाने का भरपूर प्रयास किया गया लेकिन हवा की रफ्तार तेज होने के कारण आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।वहीं सूचना पर रामगढ़वा व रक्सौल से पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी आग पर काफी प्रयास के बाद काबू पाया। रक्सौल अंचलाधिकारी ने बताया कि प्रभावित परिवारों के घर में हुए क्षति का आकलन हल्का कर्मचारी को भेजकर कराया जा रहा है। इसके बाद इनको निर्धारित सरकारी मुआवजा की राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

Saturday 13 April 2024

# Editorial

## लोकसभा : एक नये अध्याय की शुरुआत हो

लोकसभा चुनाव में चुनावी मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दलों में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला हमेशा की तरह परवान चढ़ने लगा है। राजनीति में स्वच्छता, नैतिकता एवं मूल्यों की स्थापना के तमाम दावों के अनैतिकता, दल-बदल, आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक मानसिकता पसरी है। राजनेता दलबदल की ताल ठोक रहे हैं। दलबदलुओं को टिकट देने में कोई दल पीछे नहीं रहा, क्योंकि सवाल, येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने तक जो सीमित रह गया है। सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों की परवाह कम ही लोगों को रह गई है। चुनावी राजनीति देश के माहौल में कड़वाहट घोलने का काम भी कर रही है। स्वस्थ एवं मूल्यपरक राजनीति को किनारे किया जा रहा है। राजनीति पूरी तरह से जातिवाद, बाहुबल और धनबल तक सिमट गई है। हालत यह है कि अब तक राजनीति दलों ने जिन प्रत्याशियों को उतारा है, उनमें आधे से अधिक दलबदलू, अपराधी अथवा दागी हैं। ऐसे में राजनीति के स्तर में सुधार की उम्मीद आखिर कौन, किससे करे? इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की चुप्पी तो समझ में आती है, लेकिन चुनाव आयोग की खामोशी समझ से परे है। लोकसभा चुनाव नेतृत्व चयन का ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण अवसर है, इस अवसर पर लाओत्जु ताओ ते चिंग की पुस्तक "द ताओ ऑफ लीडरशिप" राजनीति एवं राजनेताओं के लिये एक रोशनी है। यह एक अद्भुत, अद्वितीय एवं अप्रतिम कृति हैं जो नये युग के लिए नेतृत्व की रचनात्मक व्यूह रचना प्रस्तुत करती है। आज जबकि देश और दुनिया में सर्वत्र नेतृत्व के प्रश्न पर एक घना अंधेरा छाया हुआ है, निराशा और दायित्वहीनता की चरम पराकाष्ठा ने राजनीति एवं नेतृत्व को जटिल दौर में लाकर खड़ा कर दिया है। समाज और राष्ट्र के समुचे परिदृश्य पर जब हम दृष्टि डालते हैं तो हमें जिन विषम और जटिल परिस्थितियों से रु-ब-रु होना पड़ता है, उन विषम हालातों के बीच ठीक से राह दिखाने वाला कोई नेतृत्व नजर नहीं आता।

## कानूनी सख्ती के बावजूद क्यों पनप रही है बाल-तस्करी

~ ललित गर्ग



देश की राजधानी दिल्ली में तमाम जांच एजेंसियों की नाक के नीचे नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त की मंडी चल रही थी जहां दूधमुंहे एवं मासूम बच्चों को खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा था। दिल्ली की 'बच्चा मंडी' के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पर्दाफाश होना, अमानवीयता एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है। जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय? सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक असिस्टेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं है, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है। दिल दहाले देने वाली इस घटना में सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सेरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपए में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आईवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था फिर इन शिशुओं को

Today's **Opinion**

...ता था। गरीब माता-पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे। बच्चों की खरीद-फरोख्त और बच्चों की तस्करी एक ऐसी समस्या है जिस पर तभी ध्यान जाता है जब कोई सनसनीखेज खबर सामने आती है। अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केन्द्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती है। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पर्दाफाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुमने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोख्त में लिप्त हो जाते हैं।

**(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं।)**

## क्या गाजियाबाद के 'भगवा' किले पर फहराएगा 'तिरंगा'?



~ कमलेश पांडे

देश की राजधानी नई दिल्ली से सटी औद्योगिक नगरी गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। आम चुनाव 2024 के तहत यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा, इसलिए पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक तपिश बढ़ती जा रही है। यहां की मुख्य चुनावी लड़ाई एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और इंडिया गठबंधन की कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा के बीच होगी। हालांकि दलित और क्षत्रिय वोटों के सहारे बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर इस लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने में सफल हो जाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो सियासी ऊंट किस करवट बैठेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। अब आइए बात करते हैं उन पहलुओं पर जो इस चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं:-

**पहला फैक्टर है- शहरी बनाम ग्रामीण।** आमतौर गाजियाबाद महानगर के शहरी इलाकों में जहां भाजपा की पैठ मजबूत है, वहीं ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की पकड़ मजबूत है। वर्तमान में सपा कांग्रेस की सहयोगी पार्टी है। जबकि बसपा की पैठ शहरी/ग्रामीण दोनों इलाकों के जातिविशेष में है। बता दें कि गाजियाबाद की 70 प्रतिशत आबादी शहरों में और 30 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। इस मामले में कांग्रेस पर भाजपा भारी पड़ सकती है।

**दूसरा फैक्टर है- जातीय समीकरण।** जो किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में विरले ही जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक, कुल 29 लाख 38 हजार 845 मतदाताओं वाली इस सीट पर सर्वाधिक 18 प्रतिशत ब्राह्मण, 15 प्रतिशत मुस्लिम, 14 प्रतिशत ठाकुर, 12 प्रतिशत गुर्जर, 10 प्रतिशत वैश्य, 16 प्रतिशत वंचित और 15 प्रतिशत अन्य मतदाता हैं। चूंकि भाजपा ने वैश्य, कांग्रेस ने ब्राह्मण और बसपा ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारे हैं। ये तीनों जाति भाजपा की हार्ड कोर समर्थक मानी जाती है। शायद इसलिए भी कांग्रेस और बसपा ने उसी में सेंध लगाने की पहल की है। हालांकि, जातीय समीकरण भी अभी भाजपा के पक्ष में है क्योंकि उसने दलित, पिछड़े व पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने की पहल शिद्दत पूर्वक की है, जबकि कांग्रेस इसे तोड़ने के लिए तरह-तरह के प्रयोग/उपाय कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों की राय है कि पिछले 2 लोकसभा चुनावों से कॉंग्रेस के वोट बैंक में भाजपा सेंध लगा चुकी है, जिसे वापस पाना अब भी कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि गरीबी हटाओ के नारे पर हिंदुत्व भारी पड़ चुका है। छद्म धर्मनिरपेक्षता पर राष्ट्रवाद हावी होकर बोल रहा है। वहीं, जातिविशेष पर बसपा की पकड़ से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए मौजूदा चुनावी लड़ाई दिलचस्प मोड़ लेती जा रही है।

**तीसरा फैक्टर है- सांप्रदायिक गोलबंदी।** यह बात साफ है कि भाजपा को हिंदुओं के वोट थोक भाव में मिलते हैं, जबकि अल्पसंख्यक समाज का वोट रणनीतिक रुप से थोड़ा-बहुत। वहीं, कांग्रेस व उसके समाजवादी समर्थकों को अल्पसंख्यक समाज का वोट थोक भाव में मिलता है, जबकि बहुसंख्यक हिंदुओं के वोट जातीय आधार पर रणनीतिक रूप से थोड़ा बहुत। आंकड़े गवाह हैं कि जहां भी सांप्रदायिक गोलबंदी होती है, वहां भाजपा को ज्यादा, कांग्रेस को कम फायदा मिलता है। वहीं, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में यह स्थिति उलट जाती है।

**चौथा फैक्टर है- सरकारी कामकाज और विभिन्न मुद्दे।** इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग जहां मोदी सरकार और योगी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। अपने शहर विधायक होने और उत्तरप्रदेश में राज्यमंत्री के रूप में सेवा देने के बारे में भी बता रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय मुद्दों की भी बात कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा कोरोना काल में अतुल गर्ग के यूपी के स्वास्थ्य राज्यमंत्री रहते हुए भी उनके द्वारा बरती गई लापरवाही पर लगातार उन्हें घेर रही हैं। इसके अलावा, भाजपा द्वारा केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह का टिकट काटने पर भी उनकी पार्टी को आड़े हाथों ले रही हैं। यही नहीं, स्थानीय मुद्दों पर भी उन्हें लगातार घेर रही हैं। उनका आरोप है कि विगत 15 सालों से भाजपा के सांसद हैं, लेकिन मलिन बस्तियों तक विकास की किरण नहीं पहुंची है। गांवों में भी विकास नदारत है।

**(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# बच्चों में बढ़ती ऑनलाइन शापिंग की आदत, कैसे कंट्रोल करें

**स्नेहा सिंह**

बच्चों की ऑनलाइन शापिंग की आदत बड़ों का बजट बिगाड़ देती है। अगर मां-बाप बच्चों की छोटी उम्र से ही बचत की आदत डालते हुए पालें-पोसें तो आगे चल कर उनकी जिंदगी आसान बन जाएगी। पूर्वी, तुमने फिर से शापिंग की? मेरे एकाउंट से दो हजार रुपए कट गए हैं। मोना ने बेटी से पूछा। पूर्वी अभी भी फोन में शापिंग साइट्स सर्च कर रही थी। फोन में ही आंखे गड़ाए हुए उसने कहा, हां मॉम, कल की है, दो टीशर्ट खरीदी हैं। एक बेल्ट फ्री मिली है। और हां, एक जींस आज ली है। केवल 999 की।

अरे, पर तुम्हें पूछना तो चाहिए। मुझे आज लाइट बिल भरना है। अब कुछ मत खरीदना ऑनलाइन, खाते में थोड़े ही रुपए हैं। कालेज की फीस भी तो भरनी है। अभी फिल्म देखने या घूमने न जाओ तो ठीक रहेगा। जब तक कोरोना का नुकसान न पूरा हो जाए, ज्यादा पैसे मत खर्च करो। पैसा बचाना सीखो बेटा। देखो न, लाइट बिल ही तीन हजार रुपए आया है। जिस तरह एसी चलाती हो, उस तरह कोई एसी चलाता है।

इंटरनेट का भी खर्च थोड़ा कम करो। एक तो सागसब्जी कितनी महंगी हो गई है। भगवान न करे ऐसे में किसी की तबीयत खराब हो गई तो अस्पताल का खर्च फाइवस्टार होटल की तरह आता है। इसीलिए तो हमारे बड़े-बुजुर्ग कहते थे, 'जितनी चादर हो, उतना ही पैर फैलाओ।'

मोना ने पूर्वी को अपनी बात समझाने की बहुत कोशिश की कि उनकी बात बेटी के गले उतर जाए, पर पूर्वी की पिन तो मोबाइल की ऑनलाइन आकर्षक शापिंग पर ही चिपकी थी। अब इस बात में चादर कहां से आ गई? लेनी है क्या? देखो, यह कॉटन की चादर कितनी अच्छी है। आर्डर कर दूं? कलर कितना सुपर है।

न, नहीं चाहिए। वैसे भी फोटो में बहुत अच्छी लग रही है। पर आने पर रंग कुछ और ही निकलता है।

तो वापस कर देंगे।

पर बिना जरूरत के कोई भी चीज खरीदने की जरूरत ही क्या है? इस तरह रोज-रोज खरीदारी करने से तो खजाना ही लुट जाएगा। मम्मी एक काम कीजिए। पापा से कह कर मुझे क्रेडिट कार्ड दिला दीजिए। आप को बैलेंस देखने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।



पूर्वी अपनी बात कह रही थी कि तभी उसके पापा रजनीश आ गए। उन्होंने कहा, बोलो... बोलो, मेरी राजकुमारी को क्या चाहिए? क्रेडिट कार्ड चाहिए पापा। मम्मी अपने एकाउंट से खर्च ही नहीं करने देतीं। मम्मी बहुत कंजूस है न पापा। मुझे क्रेडिट कार्ड दिला दीजिए। मैं ज्यादा शापिंग नहीं करूंगी। केवल कपड़ा और शूज बस?

पूर्वी को पता था कि उसकी मीठी-मीठी बातों में पापा आ ही जाएंगे। इसलिए उनके नजदीक जा कर प्यार से मस्का लगाने लगी।


पर पूर्वी मैं तुम्हें समझा रही हूं कि बिना जरूरत के शापिंग नहीं करनी है। मोना चिल्लाई।

करेगी... मेरी बेटी करेगी। मोना एक ही तो बेटी है। इसके तो शौक पूरे करने देना चाहिए न? रजनीश ने बेटी का पक्ष लेते हुए कहा। मोना ने कहा, अगर यह अभी से बचत करना नहीं सीखेगी तो पछताएगी। तुम ही इसे समझाओ। अलमारी भरी है। पैसा कमाने के लिए हम दोनों कितनी मेहनत करते हैं।

ठीक है। पर सब इसी के लिए तो है। बेटा, तुम्हारा क्रेडिट कार्ड कल बनवा देता हूं।

यस्स, अब तो मजा ही मजा। मम्मी, आप तो देखती ही रह गई। अब तो मैं खूब शापिंग करूंगी। कहते हुए पूर्वी खुशी के मारे घर से बाहर निकल गई। एक महीने बाद रजनीश ने देखा कि क्रेडिट कार्ड से पूर्वी ने दस हजार की शापिंग की थी। मोना ने कहा, इस तरह तो इस लड़की की शापिंग की लत लग जाएगी।

अब क्रेडिट कार्ड वापस लेना भी आसान नहीं था। क्रेडिट कार्ड वापस लेने पर पूर्वी को बुरा लग गया और उसने कोई गलत कदम उठा लिया तो? एकलौती बेटी को नाराज करना उचित नहीं था। इसलिए उन्होंने कोई दूसरा उपाय अपनाने के बारे में सोचा।



रजनीश और मोना ने मिल कर एक व्यवस्थित प्लान बनाया। उन्होंने पूर्वी को बुलाया। पहले तो उसके द्वारा की गई शापिंग को देखा। तारीफ भी की। फिर एक-दो चीज के लिए पूछा भी, यह तो अपने पास थी न? यह टॉप महंगा नहीं लग रहा?

पर पूर्वी इस तरह उत्साह में थी कि उसे जरा भी पछतावा नहीं हुआ। यह देख कर रजनीश ने कहा, अगले महीने से हम तुम्हें एक ऑफर देने के बारे में सोच रहे हैं। मैं तुम्हारे खाते में पांच हजार रुपए जमा कराऊंगा। बस, पांच हजार? पूर्वी तुरंत बोल पड़ी। इसलिए मोना ने कहा, यहां ऐसे तमाम लोग हैं, जिनका इतना वेतन भी नहीं है बेटा। ऐसा मत बोलो, पांच हजार में तो पूरे महीने का राशन आ जाता है। रजनीश ने कहा, अरे सुनो तो सही, मैं तुम्हें पांच हजार दूंगा, इसमें से जितना तुम बचाओगी, उतना अगले महीने अधिक दूंगा। समझ लीजिए कि तुम ने चार हजार खर्च किए तो अगले महीने छह हजार मिलेंगे और बिलकुल न खर्च करूं तो दस हजार? हां, पर हर महीने तुम्हारी खर्च की लिमिट पांच हजार ही रहेगी। बाकी की बचत तुम्हारे खाते में जमा रहेगी। साल के अंत में उसमें से तुम्हारी पसंद की कोई चीज दिला देंगे। मोबाइल या फिर लैपटॉप?

कोई भी चीज जो तुम्हें पसंद होगी।

ओके डन। पूर्वी को यह अच्छा लगा। अगले महीने से स्कीम चालू हो गई। पूर्वी ने दो हजार बचाए। राज ने उस महीने हजार रुपए दिए। पूर्वी का उत्साह बढ़ता गया। उसकी बचत करने की आदत बनती गई और खर्च अपने आप घटता गया। आजकल ऑनलाइन शापिंग की आदत बड़ोंबड़ों का बजट बिगाड़ देती है। अगर सभी किसी न किसी तरह बचत का विकल्प अपनाएं तो खर्च अपने आप घट जाएगा और अगर ऑनलाइन शापिंग की आदत बढ़ती ही जाए तो खुद ही कार्ड जमा करा दें तो अच्छा रहेगा।

पहले मां-बाप खुद ही अपना फालतू का खर्च कम करें और बच्चों में कम उम्र से ही बचत की आदत डालें, जिससे उनकी जिंदगी आसान बन जाए।

# पैसे बचाना कोई 'रॉकेट साइंस' नहीं, बस न करें ये गलतियां

जब भी हम लोन लेने की सोचते हैं, एक अहम सवाल हमारा पीछा करता है। वह है क्रेडिट स्कोर...। क्रेडिट इन्फोर्मेशन ब्यूरो (इंडिया) लिमिटेड (सिबिल) एक क्रेडिट रेटिंग फर्म है, जो 550 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं तथा संगठनों की क्रेडिट हिस्ट्री को मैनेज करती है। इसमें वित्तीय संस्थानों, एनबीएफसी, बैंकों एवं होम फाइनैंसिंग कंपनियों सहित 2400 से अधिक सदस्य शामिल हैं। यह ऋण लेने वाले की स्थिति का अनुमान लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

अधिक सिबिल स्कोर होने पर व्यक्ति या संस्थान को लोन मिलने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं दूसरी ओर सिबिल स्कोर कम होने पर, अगर लोन मिल भी जाए तो भी ब्याज अधिक देना पड़ता है। सही तरीके अपनाकर आप अपनी क्रेडिट रेटिंग में सुधार ला सकते हैं।

**समय पर चुकाएं ईएमआई:** होम लेने लेते समय आप अलग-अलग होम लोन के बीच तुलना करें। देखें कि किसमें आपको ऑफर मिल रहे हैं या फायदा होता है। होम लोन के कई फायदे होते हैं। सबसे पहले तो आपको कर में फायदा मिलता है। सरकार होम लोन पर मूल राशि एवं ब्याज पर कर में छूट देती है। अगर आप दूसरे घर के लिए लोन ले रहे हैं तो आयकर की धारा 24बी के तहत होम लोन के ब्याज की पूरी राशि पर छूट मिलती है। इसके अलावा अन्य कई फायदे भी हैं।

हालांकि जब भी होम लोन लें, आप पूरी योजना बनाकर चलें कि आपको समय पर ईएमआई चुकानी है। सोच-समझ कर फैसला लें कि आपको कितना कर्ज लेना है। आप प्री-पेमेंट की योजना भी बनाकर चल सकते हैं। इसके लिए सही बजट बनाएं, उसी के हिसाब से प्रॉपर्टी ढूंढें, फिर विभिन्न बैंकों के लोन की तुलना करें। उसके बाद ही आवेदन करें।

**कैसे सुधारें क्रेडिट स्कोर:** आप जब भी ऋण लें, उसे चुकाने में अनुशासन बरतें। भुगतान के लिए रिमाइंडर लगाएं। अपनी क्रेडिट लिमिट सेट कर लें। अगर लोन रिजेक्ट हो जाए तो आवेदन न करें। क्रेडिट कार्ड के बिल का भुगतान समय पर करें। एक समय में बहुत सारा लोन एक साथ न लें।

**इंडेक्स फंड में निवेश:** इंडैक्स फंड में निवेश करें। ये आपके दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए फायदेमंद हैं।

# खुलवा रहे हैं बच्चों का Bank Account तो ध्यान रखें

***आज के समय में वित्तीय सेवाएं एक आयु वर्ग तक सीमित नहीं रह गई हैं। एक नाबालिग भी बड़ी आसानी से अपना बैंक अकाउंट रख सकता है और उसे ऑपरेट कर सकता है। 2014 के बाद से आरबीआई की ओर से 10 साल के अधिक के बच्चों को ये सुविधा दे गई है, जिसके बाद बच्चों के लिए खाता खुलवाना काफी आसान हो गया है।***

बच्चों के लिए आईसीआईसीआईसी बैंक यंग स्टार्स अकाउंट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पहला कदम और पहली उड़ान, एचडीएफसी बैंक किड्स एडवांटेज और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का युवा बैंकिंग खाता है लेकिन नाबालिगों का खाता खोलते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए, जिसके बारे में हम इस रिपोर्ट में बताने जा रहे हैं।




## बच्चे की उम्र

ज्यादातर बैंकों में नाबालिगों के लिए दो प्रकार के खाते होते हैं। एक दस साल से कम के बच्चों के लिए और दूसरा 10 साल से 18 साल के बच्चों के लिए होता है। बड़ी बात यह है कि अगर बच्चा 10 साल से छोटा है, तो माता- पिता को उसके साथ संयुक्त रुप से संचालित करना होता है।

## न्यूनतम बैंलेस और बैंकिंग सुविधाएं

नाबालिगों को भी बैंक सभी प्रकार की सुविधाएं देते हैं। अधिकतर बैंकों में न्यूनतम बैंलेस की सीमा 2500 रुपये से लेकर 5000 रुपये है। इसके अलावा इन खातों पर सभी प्रकार की बैंकिंग सुविधाएं दी जाती हैं, जिसमें चेक बुक, इंटरनेट बैंकिंग और एटीएम शामिल हैं।

## डेबिट कार्ड

कुछ बैंक फोटो के साथ डेबिट कार्ड जारी करते हैं, जबकि कुछ बैंक के कार्ड पर माता-पिता या फिर बच्चे का नाम हो सकता है। सुनिश्चित करें कि खाते पर एसएमएस अलर्ट सुविधा सक्रिय है, जिससे लेनदेन की बारे में जानकारी तुरंत प्राप्त हो। इसके साथ ही बच्चे को यह दिखाने के लिए एटीएम तक ले जाएं कि पैसे सुरक्षित तरीके से कैसे निकाले जाएं।

## खर्च करने की सीमा

नाबालिग खाते के साथ खर्च करने की सीमा भी जुड़ी होती है। हालांकि यह बैंक पर निर्भर करती है। आप बैंक की ओर से दी गई सीमा के मुताबिक 1000 रुपये, 2,500 रुपये और 5000 रुपये तक हो सकती है। बैंक से आप एक वित्त वर्ष में माता-पिता की सहमति के बिना 50,000 रुपये और सहमति के साथ 2 लाख रुपये निकाल सकते हैं।

## अर्चना शर्मा कोटा, राजस्थान

## कविता : ...वो दोस्ताना



राह सुनसान,
पथरीले रास्ते,
कंटीली झाड़ियां,
घनघोर अंधेरा,
हाथ को नहीं
सूझता हाथ।।


अनजान मुसाफिर,
भयभीत मन,
धड़कता दिल,
फिसलता पांव,
गिरने से पहले ही
संभालते हाथों में
सच्ची दोस्ती का
आमंत्रण,
संभल कर,
स्वीकार कर
भाग्यशाली हो
मुस्कुराने लगी।।

मिल कर बिछुड़ गए
जैसे रात गई और
बात गई,
ऐसा दोस्त फिर
कभी मिला नहीं,
याद रहा बस
वो दोस्ताना ।।

# टाइफाइड में नहाना चाहिए या नहीं?

## गर्म या ठंडा पानी किससे नहायें

**आज हम बात करेंगे टाइफाइड में नहाना चाहिए या नहीं क्योंकि टाइफाइड के समय मरीज को अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतना बेहद जरूरी होता है. ऐसे में अगर टाइफाइड के समय मरीज के स्वास्थ्य के प्रति सावधानी नहीं बरती गई तो मरीज की हालत और भी बिगड़ सकती है जिसकी वजह से उसकी जान भी जा सकती है.**



ऐसे में डॉ अलका यादव का कहना है टाइफाइड बुखार दूषित पानी से नहाने दूषित पानी पीने और इससे बने भोजन को करने से होता है इसीलिए हमें यह जानकारी होनी चाहिए कि टाइफाइड में नहाना चाहिए या नहीं। आप टाइफाइड बुखार में सामान्य ताप के पानी से नहा सकते हैं इससे आप को कोई खास नुकसान नहीं होगा .

### टाइफाइड में गर्म पानी से क्यों नहाना चाहिए?

डॉ अलका का कहना है कि टाइफाइड बुखार दूषित पानी पीने और दूषित पानी से बनने वाले भोजन को करने से होता है।

ऐसे में अगर आप उसी पानी से नहाएंगे तो आपकी तबीयत और ज्यादा बिगड़ सकती है ऐसे में आपको नहाने के लिए पानी को गर्म करना आवश्यक बताया गया है क्योंकि पानी को गर्म करने से वह कीटाणु रहित हो जाता है जिसकी वजह से वह पानी पूरी तरह से शुद्ध माना जाता है।

इसीलिए टाइफाइड बुखार में गर्म पानी से नहाना बेहतर माना गया है। गर्म पानी से नहाने के साथ-साथ आपको टाइफाइड के समय गर्म पानी का सेवन पीने में भी करना चाहिए.

क्योंकि टाइफाइड में गर्म पानी पीने से शरीर से हानिकारक पदार्थ बाहर निकल जाते हैं इसीलिए आपको सुबह खाली पेट गर्म पानी और शाम को खाना खाने के बाद गर्म पानी का सेवन करना चाहिए इससे पाचन संबंधी समस्या भी ठीक हो जाती है

# सेहत के लिए नुकसानदायक है इन फलों के जूस का सेवन

## 1. नाशपाती का जूस

खट्टे-मीठे स्वाद वाला नाशपाती एंटीऑक्सीडेंट्स व मिनरल्स से भरपूर होता है। लेकिन इसका जूस सेहत के लिए बिल्कुल भी फायदेमंद नहीं होता है। इसकी वजह से इसमें मौजूद सॉर्बिटोल शुगर, जो आसानी से पचती नहीं है। जो अपच, गैसजैसी समस्याओं की वजह बन सकती है।

## 2. अनानास का जूस

अनानास का जूस भी खट्टा-मीठे स्वाद लिए होता है जो लोगों को बहुत पसंद आता है। लेकिन क्या आप जानते हैं इसमें शुगर की मात्रा ज्यादा होती है जिसकी वजह से शरीर में ब्लड का शुगर लेवल बढ़ सकता है।

वैसे अनानास के फल में कई तरह के विटामिंस और पोषक तत्व मौजूद जाते हैं जो जूस निकालने से खत्म हो जाते हैं। तो जूस पीने की जगह अनानास खाएं।

## 3. एप्पल जूस

जहां रोज़ाना एक सेब खाना सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है वहीं इसका जूस सेहत के लिए किसी भी तरह से फायदेमंद नहीं होता क्योंकि बाहर इसका जूस बनाते वक्त बीज कई बार निकाला नहीं जाता।



# घुंघराले बालों की समस्या: आजमाइए ये घरेलू नुस्खे

**आमतौर** पर ज्यादातर महिलाएं अपने बालों को घुंघराले यानी कर्ली लुक देने की कोशिश करती हैं। जबकि कुछ महिलाओं के बाल प्राकृतिक रूप से घुंघराले होते हैं और उन्हें उलझाव, रूखापन और टूटने जैसी बालों की समस्याओं का काफी सामना करना पड़ता है। अगर आप भी अपने घुंघराले बालों के साथ इन समस्याओं का सामना कर रहे हैं तो इनसे छुटकारा दिलाने में ये पांच घरेलू नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं।

## सेब का सिरका आएगा काम

सेब का सिरका एक प्राकृतिक हेयर क्लेरिफायर के रूप में काम करता है और आपके घुंघराले बालों को मुलायम बनाने के साथ चमक देता है।

लाभ के लिए सेब के सिरके और पानी की बराबर मात्रा को मिला लें और फिर अपने बालों को अच्छी तरह से शैंपू करके इस घोल से अपने बालों को धो लें। इसके बाद अपने सिर को ठंडे पानी से फिर से धो लें। महीने में दो बार इस नुस्खे को दोहराएं।

## अंडे का करें इस्तेमाल

अंडे प्रोटीन समेत कई पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो घुंघराले बालों का टूटना रोकने के साथ उन्हें मुलायम भी बना सकते हैं। लाभ के लिए एक कटोरे में एक अंडा फेंट लें।

अब इसमें एक बड़ी चम्मच मेयोनीज और एक बड़ी चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। इसके बाद इसे अपने बालों में लगाकर 30 मिनट के बाद सिर को ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें। हफ्ते में एक बार इस प्रक्रिया को दोहराने से बड़ा लाभ मिलेगा।

## बीयर है प्रभावी

बीयर घुंघराले बालों को आसानी से सुलझाने से लेकर इनके टूटने की संभावना कम होने जैसे कई लाभ मिल सकते हैं। लाभ के लिए सबसे पहले अपने बालों को शैंपू और पानी से धो लें। अब धीरे-धीरे अपने बालों पर बीयर डालें और इसे लगभग पांच मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद सिर को फिर से ठंडे पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इसका इस्तेमाल करें। इससे बालों की चमक और बढ़ जाएगी।



## एवोकाडो करेगा मदद

एवोकाडो में विटामिन- ई एक प्रमुख पोषक तत्व है। यह आपके घुंघराले बालों को मजबूती प्रदान करने के साथ उन्हें चमकदार बनाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक एवोकाडो को मैश करके इसके साथ दो बड़ी चम्मच दही मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने बालों में लगाएं और लगभग एक घंटे के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद सिर को पानी से धो लें और फिर हमेशा की तरह शैंपू करें।

## एलोवेरा जेल लगाएं

एलोवेरा स्कैल्प के पीएच स्तर को संतुलित करता है, जिससे बालों का झडना रूकता है। इसके अतिरिक्त, यह बालों से डैंड्रफ दूर करने समेत इन्हें हाइड्रेट रखता है। लाभ के लिए हफ्ते में दो बार ताजे एलोवेरा जेल से अपने बालों में मालिश करें। फिर इसे 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

योग



**योग एक प्राचीन विज्ञान है या यूं कहें कि मानव जाति के लिए एक उपहार है। तब भी, हमारे गुरु मानव शरीर की जटिल मशीन की कार्यप्रणाली जानते थे। यदि गुरुओं द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार सही तरीके से योग किया जाए, तो यह मानव शरीर को जबरदस्त फायदे पहुंचा सकता है।**

# BNM Fantasy



## करण- तेजस्वी प्रकाश जल्द करेंगे की शादी?

अगर हमारे पास टेली टाउन के सबसे प्यारे जोड़े का पुरस्कार होता, तो हम खुशी-खुशी इसे तेजस्वी और करण को देते। जब से दोनों लवबर्ड्स ने एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार को स्वीकार किया है तब से वे एक दूसरे के लिए काफी सीरियस हैं। करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश की प्रेम कहानी तेजरन के बीच प्यार तब पनपा जब वे बिग बॉस 15 के घर के अंदर बंद थे। तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद दोनों सेलिब्रिटीज ने सलमान खान के रियलिटी शो में एक-दूसरे का साथ दिया। तेजस्वी ने बीबी 15 ट्रॉफी जीती, जबकि करण कलर्स चैनल पर प्रसारित शो के दूसरे रनर-अप रहे।

## त

*तापसी पन्नू ने बिंदास अंदाज में की स्टेज पर एंट्री*

तापसी पन्नू ने 23 मार्च, 2024 को मैथियास बो से शादी की। हालांकि, अभिनेता ने अपनी शादी को निजी रखने का फैसला किया और कार्यक्रम से एक भी तस्वीर साझा नहीं की; अब उनकी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। तापसी पन्नू को दूल्हे मैथियास बो के पास डांस करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में डंकी अभिनेता को लाल अनारकली सलवार सूट पहने देखा जा सकता है। बुधवार को तापसी पन्नू की शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अभिनेता ने शादी के लहंगे को छोड़कर अपनी शादी के लिए लाल अनारकली सूट चुना। वहीं उनके दूल्हे मथियास को थोड़ी देर शेरवानी पहने देखा जा सकता है। अपनी दुल्हन की एंट्री के दौरान एक्टर को पंजाबी गाने तेरे नाल नईयां बोलना पर डांस करते देखा गया। 43 वर्षीय माथियास बो का जन्म 11 जुलाई 1980 को हुआ था। वह डेनिश बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने 1988 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना शुरू किया। उन्होंने 2012 ओलंपिक में पुरुष युगल में रजत पदक जीता। 2015 में उन्होंने यूरोपियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था. वह 2016 में चीन के कुशान में आयोजित थॉमस कप में डेनमार्क की विजेता टीम का भी हिस्सा थे। अब वह भारतीय राष्ट्रीय बैडमिंटन टीम के मुख्य युगल कोच हैं। 2014 में, जब वह इंडिया ओपन में खेल रहे थे, तब तापसी पन्नू और मैथियास बो की डेटिंग की अफवाहें तेज हो गईं और तापसी पन्नू को अक्सर उन्हें चीयर करते देखा गया।



## मृणाल ठाकुर के मुरीद हुए विजय देवराकोंडा

*एक्ट्रेस के चेहरे के दिवाने हैं*



विजय देवरकोंडा अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में है। एक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म फैमिली स्टार की रिलीज के लिए तैयार हैं। हाल ही में विजय ने को-स्टार मृणाल ठाकुर के साथ काम करने का अपना अनुभव का शेयर किया। गैलाट्टा प्लस से बात करते हुए, अर्जुन रेड्डी स्टार विजय देवराकोंडा ने कहा, “जब आपके साथ एक बुद्धिमान अभिनेत्री होती है, तो यह बहुत आसान होता है। मृणाल मेरे फिल्मों का सपना देखने से पहले से ही अभिनय कर रही हैं। वह छोटी उम्र से ही काम कर रही हैं। वह बहुत तेजी से चीजें उठाती है। मैं मृणाल ठाकुर से कहता रहता हूं कि उसे चेहरे का वरदान मिला है। भले ही वह बहुत ज़्यादा बयान न करे, लेकिन उसकी फीलिंग्स को आप महसूस कर सकते हैं। उसकी नाक, होंठ और आंखों की जोमेट्री में कुछ ऐसा है कि भावनाएं अच्छी तरह से सामने आती हैं, भले ही वह भाषा नहीं जानती हो। उनके साथ काम करना बहुत आसान था।” एक दिन पहले, अभिनेताओं ने अपनी फिल्म फैमिली स्टार के ट्रैक कल्याणी वाचा वाचा पर डांस करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया था। दोनों को फेस्टिव आउटफिट्स में ट्विनिंग देखा जा सकता है। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, "आप सभी के साथ 'फैमिली स्टार' का जश्न मना रहा हूं। अभी अपने टिकट बुक करें।" मृणाल ठाकुर और विजय देवरकोंडा ने भी इंस्टाग्राम पर श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के साथ एक कोलाब पोस्ट साझा किया और उन्होंने इसे कैप्शन दिया, "हम एक खुशहाल परिवार हैं। हम 5 अप्रैल से आप सभी को सुपर डुपर खुश कर देंगे। #फैमिलीस्टार।" परशुराम द्वारा लिखित और निर्देशित फैमिली स्टार इस साल 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।